>

Title: Need to develop Sarkhej-Gandhi Nagar National Highway (NH-8C) in Gujarat.

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद पश्चिम के अहम राजमार्ग गांधीनगर सरखेज हाईवे संबंधित प्रश्न उठाने की अनुमति दी। अहमदाबाद के पश्चिमी क्षेत्र से यह पहले बाई पास के रूप में था, लेकिन पिछले कई सालों से अहमदाबाद की आबादी करीब 60 लाख से ज्यादा हुई है जिसके कारण इसे मेगा सिटी का दर्जा मिला है और अब इस राजमार्ग पर यातायात बहुत भारी मात्रा में रहता है। इसी वजह से मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस राजमार्ग को छः लेन में परिवर्तित करना चाहिए और हर चौराहे पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करना चाहिए। इस राजमार्ग पर गांधी नगर से इंफोसिटी जंक्शन, यजीर जंक्शन, वैष्णो देवी जंक्शन, गोता जंक्शन, थलतेज जंक्शन, सोला जंक्शन, पकवान जंक्शन, सानंद जंक्शन और उजाला जंक्शन के चौहारों पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करना चाहिए, यह मेरी मांग है।

मैं याद दिलाना चाहता हूं कि गुजरात सरकार ने अडालच फ्लोर लीफ, इस्कान फ्लाई ओवर एवं गोता फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरू किया है। मेरा अनुरोध है कि इस राजमार्ग पर आप शीघ्र ही फ्लाई ओवर्स का निर्माण प्रारंभ करें। धन्यवाद।